# बलवान बालाजी | By Pooja Shrivastava

बलवान बालाजी श्री हनुमान बालाजी
नहीं देखा ऐसा भक्त महान सियावर जान बालाजी

किस्मत का लिखा बदलता नहीं है
ये तो सुना है बस चलता नहीं है
जो ना होता करे देखो जी ये ऐसा काम
बलवान बालाजी श्री हनुमान बालाजी

अंजनी माता का ये बेटा दुलारा
नव रूप में ये बना सबका प्यारा
आया करने को देखो जी ये जग कल्याण
बलवान बालाजी श्री हनुमान बालाजी

दिन रात महके मेहंदीपुर घाटे
निसदिन जहाँ बालाजी प्रेम बांटे
इनसे पावन हैं देखो जी ये मेहंदीपुर धाम
बलवान बालाजी श्री हनुमान बालाजी

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%ac%e0%a4%b2%e0%a4%b5%e0%a4%be%e0%a4%a8-%e0%a4%ac%e0%a4%be%e0%a4%b2%e0%a4%be%e0%a4%9c%e0%a5%80-by-pooja-shrivastava/